**कार्यालय मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरणट्रांसपोर्ट नगर, सहारनपुर रोड देहरादून**

पत्रांक 775 /विकास कार्य/नि0सू0/2024-25 दिनांक 19 फरवरी, 2025

**ई- निविदा सूचना**

मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण,देहरादून द्वारा प्राधिकरण में पंजीकृत /नवीनीकृत ठेकेदारो/ फर्मो से उनकी श्रेणी के अनुसार नीचे वर्णित कुल 02 विकास कार्यो को करने हेतु निविदा फार्म/ बिल ऑफ क्वान्टिटी के साथ संलग्नक में अंकित विशिष्टियों हेतु ई-निविदा दिनांक 15.03.2025 को अपरान्ह 2.00 बजे तक uktenders.gov.in की वैबसाईट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त ई निविदाओं को निविदा समिति /अधिकृत प्राधिकारी द्वारा दिनांक 17.03.2025 को सांय 2.00 बजे उपरान्त उपस्थित निविदादाताओं / प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। नियत तिथि के उपरान्त प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नही किया जायेगा । आगणन में अकिंत विशिष्टियों की मात्रा पूर्णत अनुमानित है इसमें परिवर्तन (घटत/बढत ) सम्भावित है परन्तु भुगतान वास्तविक कार्य के माप/आंकलन के आधार पर किया जायेगा।

इच्छुक ठेकेदार/फर्म द्वारा उक्त कार्य हेतु निविदा मूल्य की धनराशि का पे-आर्डर जो सचिव, एम0डी0डी0ए0 के पक्ष में हो, एवं निर्धारित राशि की धरोहर राशि जो एफ0डी0आर0/ सी0डी0आर0 / एन0एस0सी0 के रूप में होगी, तथा अधिशासी अभियन्ता,म0दे0वि0प्रा0 के नाम वन्धक होगी, को उक्त वैबसाईट में उक्त तिथि व समय तक, निविदा प्रस्ताव के साथ स्कैन करना होगा तथा इन सभी की मूल प्रति दिनांक 15.03.2025 को अपरान्ह 2.00 बजे तक प्राधिकरण के सम्बन्धित अभियन्त्रण अनुभाग (चतुर्थ तल) में जमा करनी होगी। निर्धारित समय तक धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 व निविदा मूल्य का ड्राफ्ट जमा न करने की दशा में उस फर्म की निविदा पर विचार नही किया जायेगा। अन्य शर्ते निविदा प्रपत्र, जी0 पी0 डब्लू0-9 एवं उत्तराखण्ड शासन द्वारा परफोरमेन्स सिक्यूरिटी एवं जमानत राशि हेतु जारी शासनादेश संख्या शासनादेशों के अनुसार होगी। जी0एस0टी0 नियमानुसार देय होगी। समस्त निविदाओं की वैधता 90 दिन मान्य रहेगी।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में ) विना जी0एस0टी0 | धरोहर राशि रू0 | निविदा मूल्य मय जी0एस0टी0 सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डोईवाला विधान सभा के अन्तर्गत कुआवाला संगतीयवाला कलां में श्री महावीर सिंह रावत के घर से श्री अर्जुन सिंह के घर तक इन्टरलाकिंग सडक निर्माण। | 19.49 | 58,500.00 | 1770.00 | 02 माह | 90 |
| 2 | भोपाल पानी में वाऊण्डरीवाल का निर्माण कार्य। | 63.20 | 1,26,500.00 | 4720.00 | 02 माह | 90 |

**अन्य नियम एवं शर्ते :-**

1- उपरोक्त कार्य सिंगल विड के आधार पर ई-निविदा आमंत्रित की जा रही है।

2- निविदा मूल्य हेतु जमा कराये जाने वाले ड्राफ्ट के पीछे अपनी फर्म का जी0एस0टी0 नम्बर अंकित करना अनिवार्य है।

3- निविदा के साथ मूल रूप में एवं ऑन लाईन निम्नलिखित अभिलेख प्रस्तुत किये जाने अनिवार्य है।

(क)- निविदा वैधता, सत्यता और शुद्वता, लिटिगशन की सूचना, निविदा समिति के निर्णय/नो कलेम , No Dues ,के संवंध में रू0 100.00 के स्टाम्प पेपर एवं रू0 1.00 के रसीदी टिकट के साथ नोटराइज्ड हस्ताक्षरित शपथ पत्र।

(ख)– उत्तराखण्ड़ शासन के शासनादेश सं0 770/iii(2) 17-20(सामान्य) 2011 टी0सी0 दिनांक 12.06.2017 के अनुसार विभागीय दरों से 5 प्रतिशत से कम दरों पर निविदा देने पर अतिरिक्त परफोरमेंस सिक्योरिटी नियमानुसार जमा करनी होगी।

(ग)– प्राधिकरण को बिना कारण बताये निविदा को निरस्त करने का अधिकार होगा।

(घ)– उक्त के अतिरिक्त निविदा की विस्तृत शर्ते www.uktenders.gov.in पर एवं mddaonline.in भी देखी जा सकती है।

(ड)–ई–निविदा में प्रतिभाग करने हेतु दूरसंचार एवं निविदा को बैबसाईट पर तकनीकी खराबी आदि से निविदादाता को होने वाली कठिनाईयों हेतु प्राधिकरण जिम्मेदार नहीं होगा।

अधिशासी अभियन्ता
मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण
देहरादून।

**प्रतिलिपिः–**

1–सचिव,म0दे0वि0प्राधि0देहरादून ।
2–मुख्य लेखाधिकारी म0दे0वि0प्राधिकरण देहरादून ।
3–मुख्य अभियन्ता, म0दे0वि0प्राधिकरण, देहरादून।
4–नगर निगम/लोक निर्माण विभाग/जिला परिषद/सिचाई विभाग के नोटिस बोर्डो पर चस्पा हेतु।
5–नाजिर म0दे0वि0प्राधि0 को इस आशय से प्रेषित कि वह उक्त विज्ञप्ति को एक दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कराकर अखबार की प्रति इस अनुभाग को उपलब्ध करायेगें ।
6– आई0टी0 अनुभाग को इस आशय से कि विज्ञप्ति को प्राधिकरण की बेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
7–प्राधिकरण नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु ।
8–सम्बन्धित पत्रावली पर संलग्न करने हेतु ।

अधिशासी अभियन्ता
मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण
देहरादून।